# गर्मी आई नहीं, हलक अभी से सूखे

## जनता ने पानी के लिए जल निगम की विश्व बैंक इकाई का गेट पर जड़ा ताला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जारी पेयजल संकट के विरोध में शनिवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने स्थानीय पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में जल निगम की विश्व बैंक इकाई का गेट बंद कर ताला जड़ दिया। करीब चार घंटे तक चले हंगामे के बाद अधिकारियों के मौके पर पहुंचने पर गेट खोला गया। शनिवार को पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में बड़ी सं या में लोग जल निगम कार्यालय पहुंचे। पार्षद ने जि मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की, लेकिन देरी होने पर लोगों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने गेट पर ताला जड़कर धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर अधिशासी अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल) चमन यादव, सहायक अभियंता विजेंद्र यादव, जल निगम के सहायक अभियंता मनोज



कुमार और अपर सहायक अभियंता राजेंद्र भौर्याल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने ताला खोला। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जब तक जलापूर्ति सामान्य नहीं होती, तब तक टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा और खराब ट्यूबवेल को जल्द ठीक किया जाएगा। पार्षद मनोज जोशी ने चेतावनी दी कि जब तक नई मोटर नहीं लगाई जाएगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने पुरानी मोटर हटाने पर रोक लगाते हुए अतिरिक्त मोटर की स्थायी व्यवस्था करने की मांग भी उठाई। इस दौरान सीमा रावत, तनूजा बेलवाल, लता बिष्ट, प्रकाश कपूर, सोहन रवत, कुनाल प्रजापति, पवन बिष्ट, जगदीश बिनवाल, नवीन जोशी, पीसी जोशी, संजू बिष्ट, खड़क सिंह बिष्ट, रूपा देवी, गोविंद अधिकारी, कृपाल मेहरा, राहुल भट्ट आदि मौजूद रहे।

### जल संस्थान में तालबंदी, ईई को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के दमुवाढूंगा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षेत्र के लोगों ने समाजसेवी मन्नू गोस्वामी के नेतृत्व में जलसंस्थान कार्यालय पहुंचे और पेयजल किल्लत को लेकर आक्रोशित लोगों ने



जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता के बाहर नारेबाजी करते हुए ताला. बंदी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पाइपलाइन में की गई छेड़छाड़ के चलते दमुवाढूंगा वार्ड-37 में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। तालाबंदी व प्रदर्शन करने वालों में मन्नू गोस्वामी, शंकर लाल, खष्टी भट्ट, ममता बिष्ट, सरिता, पुष्पा, नीमा चिलवाल, जानकी मौर्य, मीना मौर्या, सुनीता, डिगर राम, चुन्नी लाल, जीत सिंह, भुवन राम, लक्ष्मी मेहरा, भजनदीय, मिथलेश सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# महिला स्मैक तस्कर गिरफ्तार

## गौजाजाली की ज़ोया खान के पास से 36 लाख की स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ड्रग माफियाओं के खिलाफ पुलिस का लगातार अभियान जारी है। बीती रात्रि पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर चैकिंग के दौरान बनभूलपुरा गौजाजाजी निवासी एक महिला तस्कर को 36 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को दो हजार ईनाम की घोषणा की है। शनिवार को बहुद्देशीय भवन में स्मैक तस्करी का खुलासा करते हुए सीओ अमित कुमार ने बताया कि युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने के उद्देश्य से जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए ड्रग्स माफियाओं पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस व एसओजी टीम इस पर लगातार काम कर रही है। सीओ अमित ने बताया कि एसएसआई भूपेन्द्र मेहता व टीपीनगर चौकी प्रभारी मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक महिला स्मैक लेकर आ रही है। सटीक सूचना पर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध अवस्था में एक महिला का आता देखा। जो टीम को देख भागने का प्रयास कर रही थी तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए महिला को



एफटीआई गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया और जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 132 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक की अंत. रराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 36 लाख 30 हजार रुपये आंकी जा रही है। पकड़ी गई महिला तस्कर ने अपना नाम जोया खान पत्नी मजहर आलम निवासी फ्रेंन्ड्स कालोनी गौजाजाली बनभूलपुरा बताया। पकड़ी गई महिला तस्कर के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली व मुखानी कोतवाली में 420 के तहत दो मुकदमें भी दर्ज है। पूछताछ में महिला तस्कर ने बताया कि उकस पति शाहजहांपुर में कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री चलाता है, और वह यूपी से स्मैक की खेप लेकर हल्द्वानी आ रही थी, और वह हल्द्वानी में अपने मुंहबोले भाई के साथ किराये पर रह रही थी। सीओ अमित कुमार ने बताया कि जनवरी से मार्च इन 3 माह में अब तक नशा तस्करों की धड़पकड़ करते हुए कुल 14 मामले दर्ज कर 18 तस्करों सहित दो महिला तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्करों के पास से अब तक 2 करोड़ 66 लाख 30 हज़ार की (901.242 ग्राम स्मैक) बरामद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नशे का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीम में एसएसआई भूपेन्द्र सिंह मेहता, टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, कांस्टेबल तारा सिंह, महिला कांस्टेबल अनिता फुलेरिया थीं।

## निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा, छत गिरने से दो मजदूर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें दो मजदूर घायल हो गए। घटना मंगल पड़ाव पुलिस चौकी के पास की बताई जा रही है, जहां निगम की एक दुकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान में पुरानी संरचना को हटाकर नया निर्माण कार्य किया जा रहा था।

निगम अधिकारियों ने बताया कि लगभग 6 फीट के पुराने शटर को हटाकर उसकी जगह मुख्य मार्ग की ओर करीब 12 फीट का नया शटर लगाया जाना था। इसी प्रक्रिया के दौरान अचानक छत का एक हिस्सा गिर पड़ा। छत गिरने से वहां काम कर रहे दो मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। घायल मजदूरों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

## स्कूल बस किराया बढ़ोतरी पर विरोध तेज, अभिभावकों पर आर्थिक बोझ का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) द्वारा 1 अप्रैल से लागू की जा रही दूरी-आधारित स्कूल बस और वैन किराया दरों को लेकर विरोध तेज हो गया है। परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने इस फैसले को मध्यमवर्गीय अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डालने वाला करार देते हुए तत्काल इसे वापस लेने की मांग की है। संगठन के महासचिव महेश ने बयान जारी कर कहा कि नई दरों के तहत 1 से 10 किलोमीटर के लिए 2200, 20 से 30 किलोमीटर के लिए 3200 और 30 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 3700 तक का न्यूनतम किराया तय किया गया है। वहीं वैन किराया 2100 से 3500 तक निर्धारित किया गया है। उनका आरोप है कि यह निर्णय निजी स्कूलों और बस संचालकों के हित में लिया गया है। उन्होंने कहा राज्य के सीमांत जिलों जैसे पिथौरागढ़, चंपावत और अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में पहले जहां 1200 से 1500 रुपये तक किराया लिया जाता था, वहीं अब 50 से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। इससे पहले से ही महंगाई, स्कूल फीस, यूनिफॉर्म और किताबों के खर्च से जूझ रहे अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। साथ ही, संगठन ने सरकारी स्कूलों में लागू क्लस्टर योजना पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पिछले पांच वर्षों में 826 प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं और छात्रों को दूसरे स्कूलों में भेजने के नाम पर प्रतिदिन 100 किराया देने की बात केवल दिखावा है। महेश ने मांग की कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए वास्तविक परिचालन लागत का स्वतंत्र ऑडिट कराना चाहिए। साथ ही गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की जानी चाहिए।

## हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी ने सीनियर अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न और वेतन रोकने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के यूनिट मैनेजर ने अपने ही सीनियर अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न और जानबूझकर वेतन रोकने का आरोप लगाया है। पीड़ित कर्मचारी ने इस संबंध में मुखानी पुलिस को तहरीर दी है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मुखानी निवासी इरदम सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह पीलीकोठी स्थित एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में यूनिट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कंपनी के दो सीनियर अधिकारी एक साल से लगातार उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उसने बताया कि कंपनी के टारगेट को लेकर उसे लगातार अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है, और विरोध करने पर सीनियर अधिकारी उसे नौकरी से निकालने की धमकी भी दे चुके हैं। इसके अलावा, सिद्दीकी ने यह भी आरोप लगाया कि जानबूझकर कंपनी ने उसका वेतन रोक दिया है, जिससे वह इस्तीफा देने की कगार पर पहुंच गया है। पीड़ित ने पुलिस से अपने रोके गए वेतन की वसूली की मांग की है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# रामकथा के साथ गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति, भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के जगदम्बा मंदिर में चल रहे वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आयोजित रामकथा के नवें दिन शनिवार को गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यद्र की। रामकथा वाचन करते हुए व्यास डा. मनोज पाण्डे ने लव-कुश द्वारा भगवान राम को सुनाई गई वाल्मीकि रामायण के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने रामायण के प्रमुख पात्रों के चरित्र और रामराज्य की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए



कहा कि रामराज्य की स्थापना के लिए राम जैसे आदर्श चरित्र का निर्माण आवश्यक है। व्यास पूजन और कन्या पूजन के बाद मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान विमल कुमार पाण्डे एवं सह-यजमान एसपीएस बिष्ट सहित उमेश चन्द्र पाण्डे, मनीष जोशी, राकेश पाण्डे, प्रकाश पंत, जगदीश जोशी, अभिषेक लटवाल, लीलाम्बर पाठक सहित मंदिर समिति के अध्यक्ष उमेश पाण्डे, सचिव विनोद पाण्डे, आशुतोष जोशी, रमेश चन्द्र पाण्डे, घनश्याम भट्ट मौजूद रहे।

### युवक ने गटका जहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सितारगंज शक्तिफार्म में रहने वाले एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे एक सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से हालत नाजुक होने पर सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। बीती रात्रि उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड-5 टैगोर नगर शक्तिफार्म निवासी 20 वर्षीय सुजीत मंडल ने बीते 6 दिन पूर्व जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। युवक की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उसे आनन फानन में पास ही सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। लेकिन युवक की हालत नाजुक होने पर उसे तीन दिन पूर्व सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया था। मेडिकल चौकी प्रभारी रविंद्र राणा ने बताया कि शनिवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# परिसंपत्तियों के किराए में हुआ संशोधन

## नैनीताल जिला पंचायत की बैठक में 77.48 करोड़ का बजट पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को काठगोदाम सर्किट हाउस में जिला पंचायत की एक बोर्ड बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाहियों की पुष्टि पर विचार किया गया। इसके बाद वर्ष 2026-27 के लिए जिला पंचायत का लगभग 77 करोड़ 48 लाख 11 हजार रुपये का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत की परिसंपत्तियों के किराए की दरों को पुनरीक्षित करने पर भी चर्चा की गई। साथ ही, जिला पंचायत सदस्यों ने अपने मानदेय में वृद्धि की मांग रखी। इस पर अध्यक्ष ने



प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए इसे आगे की कार्रवाई के लिए शासन को भेजने का आश्वासन दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर भी बैठक में अहम चर्चा हुई। वन क्षेत्र से सटे गांवों में जंगली जानवरों से किसानों और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए तारबाड़ (फेंसिंग) करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस नीति बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर उसे रीसाइक्लिंग के जरिए पुन: उपयोग में लाया जाना चाहिए। इसके अलावा, जिले में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाली दुकानों के किराए में वृद्धि के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। साथ ही, विभिन्न विकास कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, विभिन्न क्षेत्रें से आए जिला पंचायत सदस्य, अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन युवा समिति लगाई माता की चौकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा रामपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में दसवीं बार माता की चौकी का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में रुद्रपुर के कलाकारों द्वारा माता के भजनों का गुणगान किया गया, और कार्यक्रम में मनमो. हक भजन, सुंदर झांकियां तथा फूलों की होली का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। अलग-अलग अग्रवाल परिवारों द्वारा सामूहिक रूप से माता को छप्पन भोग अर्पित किए गए। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। युवा समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने बताया कि महारा. जा अग्रसेन युवा समिति हर वर्ष माता की चौकी का आयोजन करती है, और इसमें सभी अग्रवाल परिवार बढ़-चढ़कर अपना योगदान देते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मेयर गजराज सिंह बिष्ट, डा. जोगिंदर पाल रौतेला, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महामंत्री कनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ बंसल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, तुषार मित्तल, शोभित अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अमित गोयल, अभिषेक गर्ग, दिव्यम अग्रवाल, डा. पंकज अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, अर्चना मित्तल, नीतू अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, दीपिंका अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गैस सिलिंडर की होम डिलीवरी कराई जाए

## गैस एजेंसी प्रबंधकों व पूर्ति विभाग के साथ एडीएम विवेक रॉय की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के संबंध में नगर निगम सभागार हल्द्वानी में शनिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने सभी गैस एजेंसी प्रबंधकों, पूर्ति विभाग के अधिका. रियों के साथ बैठक आयोजित कर गैस की आपूर्ति सुचारू के दिए निर्देश।

बैठक में पूर्ति, एचपीसीएल बीपीसीएल इंडेन गैस एजेंसी एव सेल्स मैन के साथा वार्ता की गई। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार गैस वितरण का कार्य किया जाये। किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। उपभोक्ताओं को असु.



विधा न हो, उन्हें गैस की होम डिलीवरी कराई जाए। यह ध्यान रहे कि लोग गैस सिलेंडर प्राप्त करने हेतु लंबी कतारों में न आए। उन्हें समस्या न हो। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गैस एजेंसियां बुकिंग के आधार पर ही सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। उन्होंने कहा होम डिलीवरी गैस का कार्य सुनिश्चित करें, कोई भी सेल्समेन डिलीवरी बॉय अपना फोन स्विच ऑफ ना करें साथ ही अपने व्यवहार में भी संयम रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यवसायिक सिलेंडर एजेंसियों को कुल आवंटन का लगभग 20 प्रतिशत प्राप्त हो रहे हैं, जबकि यह भी देखना सुनिश्चित करें की पूर्व में हुए वार्षिक वितरण के आधार पर मासिक औसत अनुपात के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएं। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने हेतु पारदर्शी एवं व्यवस्थित वितरण प्रणाली से किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील भी की कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। गैस वितरण की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से गतिमान है। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, विपिन जोशी और विभिन्न एजेंसियों के प्रबंधक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## डा. अनिल कार्की को 'चन्द्रकुंवर बर्त्वाल पुरस्कार-2025' से किया जाएगा सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिंदी साहित्य के चर्चित कवि और कथाकार डा. अनिल कार्की को वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित 'चन्द्रकुंवर बर्त्वाल पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उत्तराखण्ड भाषा संस्थान, देहरादून द्वारा 'उत्तराखण्ड



साहित्य गौरव सम्मान' के अंतर्गत साहित्य सृजन, सेवा और विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार में 50 हजार रुपये की धनराशि, सम्मान-चिह्न, सम्मान-पत्र और अंगवस्त्र शामिल हैं। संस्थान की निद. शक मायावती ढकरियाल ने पत्र के माध्यम से डा. कार्की को इस संबंध में औपचारिक सूचना दी है। अलंकरण समारोह 30 मार्च को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री कार्यालय, न्यू कैंट रोड देहरादून में आयोजित किया जाएगा। पिथौरागढ़ जिले के पीपलतड़ गांव के रहने वाले डा. अनिल कार्की वर्तमान में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक हैं। डा. कार्की की एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके प्रमुख काव्य संग्रहों में 'उदास बखतों का रमोलिया', 'पलायन से पहले', 'नदी भेड़ नहीं होती' और 'सुन सुवा बणखण्डी' शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 'एक तारो दूर चलक्यो', 'लोक पहरुवे' और 'हाशिए का हिमाल' का संपादन भी किया है। साथ ही लोक संस्कृति के क्षरण, पर्यावरणीय संकट और सामाजिक विसंगतियों पर भी वे प्रभावशाली लेखन करते हैं।

# मतदान के लिए अधिवक्ताओं में दिखा उत्साह

## हल्द्वानी बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद पर गोविंद बिष्ट-किशोर पंत में टक्कर, देर रात तक जारी रही वोटों की गिनती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव समेत 11 पदों के लिए शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। जजी कोर्ट स्थित बार रूम में बनाए गए मतदान केंद्र पर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में वोट डाले गए। बार एसोसिएशन में कुल 1324 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 280 महिला और 1044 पुरुष अधिवक्ता शामिल हैं। सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक चले मतदान के दौरान अधिवक्ताओं में अपने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में खासा जोश दिखाई दिया।

अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष किशोर कुमार पंत और पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के बीच सीधा मुक. ाबला रहा, जिसे लेकर पूरे दिन





चर्चाओं का दौर चलता रहा।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर ललित मेर और जितेंद्र सिंह बिष्ट के बीच टक्कर रही। सचिव पद के लिए सौरभ बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह बिष्ट और विनीत परिहार मैदान में रहे, जबकि महिला उपाध्यक्ष (आरक्षित) पद पर बसंती बिष्ट और निशा आर्या के बीच मुकाबला हुआ। संयुक्त सचिव पद पर सुधांशु तिवारी, विपिन कुमार और दिनेश जोशी ने दावेदारी पेश की, जबकि संयुक्त सचिव (प्रेस) पद पर भानु कबडवाल (वानु) और मनीष गोयल के बीच चुनावी जंग देखने को मिली। इसके अलावा लेखाधिकारी पद पर गौरव बिष्ट और आरपी पाण्डेय, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर स्वर्णा जोशी कपिल, विनोद कुमार श्रीमाली और लोकेश राज चौधरी, कोषाध्यक्ष पद पर चंदन सिंह बोहरा, गौरव कपूर और हरेन्द्र पडियार मैदान में रहे। सदस्य (सामान्य) पद पर मयंक प्रकाश, राहुल भट्ट, राक. ेश कुकरेती, कैलाश चंद्र पाठक, दीपक नाथ और पूजा लटवाल, जबकि सदस्य महिला (आरक्षित) पद पर हिमानी सनवाल और सुनीता भट्ट के बीच सीधा मुकाबला हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद पाण्डेय की देखरेख में शाम पांच बजे से मतगणना शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक देर रात तक मतगणना जारी थी और अध्यक्ष पद समेत कई पदों पर परिणाम को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी थी।

### स्वर संगम में गायन और नृत्य प्रतियोगिता आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान, हीरानगर में रविवार को स्व. निधि स्मारक म्यूजिक एंड डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन और नृत्य की प्रतिभाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता में वोकल, सितार, वायलिन, बांसुरी, तबला और कथक नृत्य जैसी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्थान के हरीश चंद्र पंत ने बताया कि प्रतियोगिता में गरिमा मेहता और नीरज जोशी निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम रविवार को अपराह्न 4 बजे से संस्थान में आयोजित किया जाएगा।

### समाजसेवी विक्रम ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी विक्रम सिंह धामी ने अपने जन्मदिन को खास और यथार्थपरक बनाने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उनका कहना है कि आजकल युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं, इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन को त्याग और सेवा का प्रतीक बनाते हुए इसे एक संदेश के




रूप में प्रस्तुत किया। इस शिविर में कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर निशांत परिहार, पुष्कर जोशी, ध्यान सिंह बिष्ट, कुंदन बिष्ट, सिंकदर खान, दीप जीना और जगदीश पाठक सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। विक्रम धामी ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा और समय का सदुपयोग करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास करें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 'मिशन संवाद' वेलनेस मेला 2026: पुलिस कर्मियों और उनके बच्चों के लिए बनी प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 'सशक्त उत्तराखण्ड' के विजन को साकार करते हुए 'मिशन संवाद' के अंतर्गत पुलिस लाइन में दो दिवसीय 'संवाद वेलनेस मेला-2026' का आयोजन किया गया। यह पहल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में हुई।

इस दो दिवसीय मेले में ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले के 402 से अधिक पुलिस कर्मियों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। दिल्ली से आए विशेषज्ञ काउंसलरों ने कॅरियर मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षाओं और कौशल विकास पर महत्वपूर्ण सत्र हुए। साथ ही 'द स्कूल ऑफ लाइफ' के काउंसलरों ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और कार्य-जीवन संतुलन पर विशेष कार्यशालाएं हुईं। वहीं शिविर में 700 से



अधिक पुलिस कर्मियों और प्रतिभागियों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में एसएसपी अजय गणपति, एसपी क्राइम जितेन्द्र चौधरी, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सीओ लाइन दौलत राम वर्मा, गाइड फॉर कैरियर्स के राजेश मिश्रा, डॉ. डायना चेरियन, आरती शंखला तथा एसवी इन्फोटेक के गौरव कुमार झा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा मार्ग पर शनिवार प्रातः बाइक पर सवार होकर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम समाप्त कर घर वापस लौट रहे श्रमिक को मार्ग में अज्ञात कन्टेनर चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर श्रमिक को चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मामले की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम चुराई थाना मीरगंज बरेली निवासी 40 वर्षीय किशन पाल पुत्र महेशपाल यहां ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला शि. वनगर में परिवार सहित रहता था और सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि किशन पाल आज प्रातः ड्यूटी समाप्त कर अपनी बाईक से घर वापस लौट रहा था। किच्छा मार्ग पर तेज गति से जाते अज्ञात कन्टेनर चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना में किशन पाल गंभीर रूप से घायल होकर वहीं पर ही बेसुध हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किशन पाल को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी, एक पुत्री व एक पुत्र है।

## एक नजर

### आरएलएस मैमोरियल डिग्री कॉलेज का बीएड परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के शिक्षा में नित नए कीर्तिमान रच रहे आरएलएस मैमोरियल डिग्री कॉलेज किशनपुर जसपुर का बीएड तीसरे सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएड तीसरे सेमेस्टर के परीक्षाफल में आरएलएस मैमोरियल डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा उदीशा नागोही ने 88.21 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीना रावत, जगरिता भट्ट, वंशिता रस्तोगी, संयुक्त रूप से 87.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अक्षिता भट्ट ने 87.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव इंजीनियर विनय चौहान, प्राचार्या डा. भुवनेश कुमारी, विपिन कुमार, विवेक कुमार, मोहम्मद सलीम, विवेक वत्सल, सुभाष कुमार, आसमा परवीन, राजवीर, सत्यम गुप्ता, प्रीति वर्मा, गीता, दीपक कुमार, रिंकी चौहान, मोहम्मद राशिद, पिंकी जगत सिह, अर्जुन सिंह आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### रैम्प योजना के अंतर्गत हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला उद्योग केंद्र में रैम्प योजना के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 65 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों ने प्रतिभागियों को एमएसएमई क्षेत्र, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के विविध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। युवाओं को नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों में उद्यमिता के प्रति नई सोच विकसित हुई और उन्हें अपने कौशल एवं क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक उद्योग डॉ. दीपक मुरारी, डिप्टी जनरल मैनेजर एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर भारत सरकार गोपाल देवीदास बेलुरकर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार आदि उपस्थित थे साथ ही रो. हित श्रीवास्तव ने उद्योग निदेशालय से ऑनलाइन माध्यम प्रतिभाग किया।

### पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड के निर्देशों के क्रम में शनिवार को जिला सभागार में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) हेतु कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास द्वारा सभी उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त टीएलएमटी, एएलएमटी, बीएलओ, सुपरवाईजर, डाटा एन्ट्री आपरेटरों को एसआईआर का गहन प्रशिक्षण दिया गया।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा कि सभी अधिकारी गहनता से प्रशिक्षण ले ताकि त्रुटी रहित व पारदर्शी निर्वाचन नामावली तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करेगें तो फिल्ड में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी। उन्होने कहा कि यदि कई कोई कही कोई शंका हो तो यही पर ही समाधान कर ले। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा जो बुकलेट दी जा रही है उसे गहनता से बढ़े ताकि सभी जानकारी प्राप्त हो सकें। प्रशिक्षण में उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, डा. अमृता शर्मा, राहुल साह, रविन्द्र जुआठा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, नगर निकाय अधिकारी आदि मौजूद थे।

### पुलिस और जिला पंचायत सदस्य पति के बीच तीखी झड़प, कोतवाली में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** बाजपुर में शनिवार को जिला पंचायत सदस्य के पति बिल्लू और पुलिस के बीच तीखी झड़प का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बिल्लू ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा उन्हें 'चोर' कहा गया, जिससे आक्रोशित होकर उन्होंने विरोध जताया। मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निजी सचिव अभिषेक तिवारी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस और बिल्लू के बीच कहा. सुनी बढ़ गई, जो बाद में तीखी झड़प में बदल गई। विवाद के विरोध में बिल्लू कोतवाली परिसर में ही धरने पर बैठ गए। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने हस्तक्षेप किया और उन्हें वार्ता के लिए उठाकर एक कमरे में ले जाया गया, जहां बातचीत के माध्यम से मामला शांत कराने का प्रयास किया गया। फिलहाल, पुलिस और संबंधित पक्षों के बीच वार्ता जारी है।

### भाजपा का कांग्रेस पर वार, 2027 में सभी सीटों पर जीत का दावा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। भाजपा नेता कमल जिंदल ने राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में संभावित जॉइनिंग को लेकर कहा कि कांग्रेस अब पूरी तरह कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जहाज डूब चुका है, उसमें सवार होने वालों का भविष्य भी सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में भाजपा ने ठुकराल को नकार दिया था और निर्दलीय चुनाव लड़ने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जिससे यह साफ है कि जनता ने भी उन्हें स्वीकार नहीं किया।भाजपा नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों के चलते कांग्रेस का जनाधार लगातार घट रहा है और जनता भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गेहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं, जिससे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग पूरी मजबूती के साथ भाजपा के साथ खड़ा है और आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाएगा। कमल जिंदल ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उधम सिंह नगर की सभी सीटों पर बम्पर वोटों से जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गेहलोत, रोशन अरोरा, अक्षय अरोरा, मुकेश पाल, मोर सिंह, विजय तोमर व जीतेन्द्र संधू मौजूद रहे।

# डीएम ने लगाई 'राजस्व लोक अदालत'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शनिवार को 'राजस्व लोक अदालत' लगाई। जिलाधिकारी ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता के राजस्व वादों के समाधान के लिए राज्य सरकार ने 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि' के मूल मंत्र के साथ 'राजस्व लोक अदालत' की अभिनव पहल प्रारम्भ की है। उन्होंने बताया कि इस पहल के अंतर्गत भूमि विवादों के अतिरिक्त आबकारी, खाद्य, स्टाम्प, सरफेसी



एक्ट, गुंडा एक्ट, सीआरपीसी, विद्युत अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम एवं रेंट कंट्रोल एक्ट से संबंधित मामलों का भी समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोक अदालत की प्रमुख विशेषताएं हैं, जहां सभी पक्षों को सुनकर संवे. दनशीलता के साथ न्याय किया जाता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध एवं न्यायपूर्ण न्याय प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा ने कि माननीय मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के क्रम में समस्त राजस्व वाद को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।

# अवैध वसूली के आरोप में पत्रकार पर केस

- **प्रोपर्टी डीलर ने लगाया डराने धमकाने और अवैध वसूली का आरोप**
- **कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खुद को एक न्यूज चैनल का संपादक बताने वाले व्यक्ति द्वारा प्रॉपर्टी डीलर को डराने -धमकाने और अवैध वसूली की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित ने आरोपी द्वारा दी गई धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के रूप में न्यायालय को सौंपी है।

मिली जानकारी के अनुसार, रॉयल रेजीडेंसी बिगवाड़ा निवासी चंद्रशेखर पाण्डेय एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करने के साथ ही पार्ट टाइम प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है। चंद्रशेखर का आरोप है कि जून 2025 में वार्ड नंबर-1 कृष्णा कॉलोनी निवासी विनोद, जो स्वयं को सोशल मीडिया न्यूज चौनल का पत्रकार और संपादक बताता है, उनसे प्रॉपर्टी खरीदने के बहाने मिला। आरोप है कि इसके कुछ समय बाद ही विनोद उनके प्रॉपर्टी डीलिंग के कार्य में बिना वजह दखलअंदाजी करने लगा। जब चंद्रशेखर ने उसे ऐसा करने से रोका, तो आरोपी ने अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने न्यायालय को बताया कि आरोपी विनोद ने 24 सितंबर और 21 अक्टूबर 2025 को फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और जबरन रकम वसूली का प्रयास किया। इन धमकियों की रिकॉर्डिंग पीड़ित के फोन में सुरक्षित है, जिसे पेनड्राइव औरर्रि लखत प्रारूप के साथ अदालत में पेश किया गया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस चौकी रम्पुरा, थाना रूद्रपुर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी की थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। अंततः न्याय की गुहार लेकर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रूद्रपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्यूशन पढ़ने गई किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिक्षिका के पति पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। किशोरी उर्दू की ट्यूशन पढ़ने गई थी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वार्ड 10 निवासी मोहम्मद रफी की पत्नी क्षेत्र की एक किशोरी को उर्दू की ट्यूशन पढ़ाती है। मोहम्मद रफी वेल्डिंग का काम करता है। उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। शुक्रवार को किशोरी ट्यूशन पढ़ने के लिए शिक्षिका के घर पहुंची। आरोप है कि पत्नी की गैर मौजूदगी में मोहम्मद रफी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। गदरपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पत्रकारों में भारी आक्रोश, फर्जी व झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग

- **सीएम, डीजी सूचना व डीजीपी को भेजा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी**
- **गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं की खबर दिखाने पर पत्रकार के खिलाफ दर्ज हुआ है मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एलपीजी गैस न मिलने से मौके पर उपभोक्ताओं की परेशानी और त्रासदी की खबर दिखाने वाली खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ भाजपा नेता कमलदीप सिंह राणा की तहरीर पर दर्ज मुकदमे से खटीमा सहित अन्य जगहों के पत्रकारों में भारी आक्रोश है। वहीं खटीमा के आक्रोशित पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार गोरख नाथ के नेतृत्व में खटीमा एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से उत्तराखंड मुख्यमंत्री, महानिदेशक सूचना व पुलिस महा. निदेशक देहरादून को एक ज्ञापन प्रेषित कर प्रकरण की कड़ी निंदा की तथा वीडियो और फुटेज के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर पत्रकार के खिलाफ दर्ज झूठा व फर्जी मुकदमा वापस लेने तथा आरोप लगाने वाले के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में लिखा है कि खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा ने आम जनता को एलपीजी गैस न मिल पाने की ग्राउंड खबर को चकरपुर से कवर करने के उपरांत 25 मार्च 2026 को अपने सोशल मीडिया चैनल पर प्रमुखता से चलाया था जो बिल्कुल सत्य, वास्तविक और जनहित से जुड़ी खबर थी। खबर कवर करते समय उपभोक्ता गैस सिलेंडर के इंतजार में



लाइन में खड़े सुबह से परेशान थे जिन्होंने खुद भी अपनी व्यथा को व्यक्त किया था। जिसको लेकर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर हू-ब-हू दिखाया था। ज्ञापन के मुताबिक जनहित और जनता के सरकारों से जुड़ी खबर से बौखलाए चकरपुर भाजपा मंडल महामंत्री कमलदीप सिंह राणा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर उक्त पत्रकार के खिलाफ खटीमा पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए बिना जांच पड़ताल के मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया जो सरासर फर्जी, झूठा व निराधार है। ज्ञापन में पत्रकारों ने लिखा है कि धरातल की सच्चाई को दिखाना तथा जनता से जुड़े मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाना पत्रकार का परम कर्तव्य और अधिकार है। ऐसे में पत्रकार के खिलाफ दर्ज मुकदमा सरासर गलत और अन्यायपूर्ण है। मुकदमा लगाकर पत्रकारों के उत्पीड़न का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर खटीमा सहित अन्य जगहों के पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं शनिवार को खटीमा के आक्रोशित पत्रकारों ने उत्तराखंड मुख्यमंत्री, निदेशक सूचना तथा पुलिस महानिदेशक देहरादून को ज्ञापन प्रेषित कर गहनता से जांच के उपरांत पत्रकार के खिलाफ दर्ज झूठा व फर्जी मुकदमा वापस लेने तथा मुकदमा दर्ज कराने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं आक्रोशित पत्रकारों ने चेतावनी दिया कि अगर मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इस मौके पर खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार हरीश मेहरा, धीरेंद्र मोहन गौड़, हीरा चंद राजपूत, अनीस अहमद, कीर्ति रुमाल, स्वतंत्र प्रकाश आजाद, गोरख नाथ, सुंदर बहादुर, मुस्तकीम मालिक, गगन सिंह, सूरज गुसाईं, उत्तम कुमार, राजेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, सज्जाद हुसैन तथा सपन राय आदि उपस्थित रहे।

# गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, एसडीएम ने दिए होम डिलीवरी के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र में रसोई गैस की कालाबाजारी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने संबंधित गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को बिना किसी भेदभाव के गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा होटल और ढाबा संच. ालकों के यहां भी छापामार अभियान चलाने की योजना बनाई गई है, ताकि व्यावसायिक उपयोग



में हो रही गैस की अवैध खपत पर रोक लगाई जा सके। इसके लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से जांच करेगी। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि अब गैस ब्लैक करने वालों की खैर नहीं है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया दीक्षांत समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल बाजपुर में कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर दीक्षांत समारोह बडी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम काशुभारम्भविद्यालय की प्रबन्धिका रश्मि विज, गौरव विज,डौली विज एवं प्रधानाचार्य महेश चन्द्र उनियाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात विद्यालय की प्रबन्धिका रश्मि विज, गौरव विज, डौली विज एवं प्रधानाचार्य महेश चन्द्र उनियाल द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण शिक्षा सत्र में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में अभिभावकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा जागरूक अभिभावकों को पेरेन्ट्स ऑफ दि ईयर तथा सम्पूर्ण शिक्षा सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्टूडेंट ऑफ दि ईयर से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों के उत्कृष्ट अकादमिक परिणाम के लिए अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य




में भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सहयोग की अपेक्षा की गई। उपस्थित अभिभावकों द्वारा विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की गई।इस अवसर पर श्रीमती तेजेन्दर कौर, श्रद्धा राणा, कृतिका बत्रा, नीरज शर्मा, गुरप्रीतकौर, इरम, सिमरनकौर, अमन, पूजा, जसमीत कौर, शोभा उप्रेती, अनुभव जैन, प्रदीप पाण्डे, लोकेश, विशाल काण्डपाल, शशिकांत ओझा, परमजीत कौर, मेघा, केके जोशी, विक्रम सिंह, शिवम राणा, अजय सिंह, रवीन्द्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सिडकुल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल और एसएसपी अजय गणपति के साथ बैठक की। बैठक में सिडकुल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। शनिवार को आयोजित बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, यातायात प्रबंधन को बेहतर करने तथा उद्योगों के अनुकूल माहौल तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही प्रशासन और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी सहमति जताई। यहां अधिकारियों को सम्मानस्वरूप पौधे भेंट किए गए। जो पर्यावरण संरक्षण और हरित पहल के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।

# देश की आजादी के 75 साल बाद लाईट पहुंची तो खुश हुए ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नैनीताल विधानसभा के गोरिया देव् ग्राम के तोक ग्वाल देव् में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल के द्वारा नैनीताल ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट के माध्यम से सांसद निधि के द्वारा भूपाल सिंह नेगी,गोबिंद सिंह नेगी और राम सिंह नेगी के निवास पर लाईट पहुंचाई गई।

राकेश नैनवाल स्वयं 5 किमी पैदल चल कर ग्रामीणों के बीच तकरीबन 3 घण्टे में पहाड़ी में चढ़कर पहुंचे, काफी चढाई थी लेकिन संकल्प ले लिया था कि गांव में लाईट पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि वह भाजपा नेताओं और समर्थकों के साथ गांव पहुंचे।बिजली पाकर गांव के लोग बहुत खुश नजर आए। उन्होंने ग्रामीणों को रोड घर



तक पहुंचाने का विश्वास भी दिलाया। राकेश नैनवाल ने बताया कि रोड के लिये भी सांसद से वार्ता कर सांसद निधि दिलवाई जाएगी। इस दौरान पूर्व प्रधान राजू नेगी, बालम नेगी, ललित नेगी,भाजपा नेता हरीश बेलवाल ,मंडी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष मान सिंह रावत, चन्दन जलाल आदि मौजूद रहे।

# डिप्लोमा इंजीनियर की हड़ताल जारी ब्लॉक प्रमखु के दिया अपना पूर्ण समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के आव्हान पर 27 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी हड़ताल के छठे दिन भी विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर अपना कार्य छोड़कर हड़ताल पर डटे रहे।

ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी, कनिष्ठ प्रमुख रामनगर संजय नेगी एवं उनके समर्थकों द्वारा 27 सूत्री मांगो को लेकर जारी हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया गया।प्रांतीय नेतृत्व की ओर से प्रांतीय सचिव राजेंद्र गिरी द्वारा सभी डिप्लोमा इंजीनियर उसको संबोधित करते हुए कहा की शासन प्रशासन के साथ लगातार वार्ता करने के बाद भी जब हमारी मांगे नहीं मानी जा रही थी।जिसके फलस्वरुप हमें अपने अंतिम निर्णय के रूप



में हड़ताल पर जाने को विवश होना पड़ा।अब जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हम हड़ताल जारी रखेंगे।हड़ताल कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर प्रमोद कुमार द्वारा की गई एवं संचालन शाखा सचिव इंजीनियर वासिफ द्वारा किया गया।

# कनेक्शन विधायक का गैस डिलीवरी किसी और को

- दुआ गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं के साथ हुआ फर्जीवाड़ा
- जानकारी होने पर विधायक का चढ़ा पारा
- एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज करने के दिए निर्देश
- सप्लाई इंस्पेक्टर और तहसीलदार पहुंचे मौके पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भूरारानी मोड़ स्थित दुआ गैस एजेंसी का एक बड़ा फर्जीवाडा सामने आया है। उपभोक्ता के गैस कनेक्शन पर एजेंसी द्वारा स्वयं बुकिंग कर उसको डिलीवर दिखा कर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजरी की गई।

बता दें कि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा की पत्नी सीमा अरोरा के नाम से दुआ गैस एजेंसी पर कनेक्शन है। उनकी 18 मार्च को एजेंसी द्वारा गैस बुकिंग की जाती है, जिसका डीएससी नम्बर 300155 था और उसी दिन गैस डिलीवरी का मैसेज भी आ जाता है। जब यह सूचना उनकी पत्नी द्वारा विधायक शिव अरोरा को दी गई की उन्होंने तो कोई सिलेंडर नहीं लिया है तो गैस डिलीवरी का मैसेज कैसे आ गया है। इस पर विधायक जानकारी लेने स्वयं दुआ गैस एजेंसी पर पहुंचे जहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उसमें दर्जनों ऐसे उपभोक्ता सामने आए जिनके साथ इसी प्रकार का फर्जीवाड़ा। भाजपा नेता मयंक कक्कड़ भी इस फर्जीवाड़े के शिकार हुए उनके नाम से भी दुआ गैस एजेंसी द्वारा नौ मार्च को गैस बुक कर डिलीवर का मेसेज उनके फोन में आ गया। इसी प्रकार एक अन्य उपभोक्ता अशोक कुमार आर्य डीएससी नंबर 218559 को 22 मार्च को डिलीवर दिखाया, राम किशोर का 12 मार्च को डिलीवर दिखाया गया, आनंद कुमार नाम के उपभोक्ता इसका डीएससी नंबर 412121 को 20 मार्च को डिलीवर दिखाया गया, रविंद्र कुमार का जिसका डीएससी नंबर 728534 था उसको 22 मार्च को डिलीवर उसके फोन में मैसेज आ गया।

इसी प्रकार राजेश चंद्र, दया सागर नाम के व्यक्ति के भी इस घटना के शिकार हुए जब इन सभी उपभोक्ता अपने फोन से बुकिंग करने का प्रयास किया गया तो उनको यह ज्ञात हुआ कि उनकी बुकिंग डेट तो अभी है ही नहीं और जबकि एजेंसी द्वारा उनकी गैस पूर्व में कालाबाजारी के नाम पर भेंट चढ़ा दी गई।

मौके पर ऐसे दर्जनों लोग ने विधायक को इसकी शिकायत की वह गुस्से में आग बबूला हो गए। विधायक ने एजेंसी स्वामी को खरी खोटी सुनाई मौके पर तहसीलदार दिनेश भी पहुंचे साथ में खाद्य सप्लाई स्पेक्टर मलकित सिंह भी पहुंच गए। विधायकने कहा पश्चिम देश में तनाव के चलते बाद भी हमारी सरकार देश में गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है कि गरीब का चूल्हा किसी भी सूरत में बुझे ना और दूसरी ओर रुद्रपुर में दुआ गैस एजेंसी जो उपभोक्ताओं के गैस की बुकिंग स्वयं से कर कालाबाजारी कर रही है यह संकट की स्थिति में किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, एजेंसी के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी, इसका लाइसेंस सस्पेंड होना चाहिए और मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कार्रवाई हो। मौके पर सप्लाई इंस्पेक्टर व तहसीलदार को स्पष्ट निर्देश दिए एजेंसी स्वामी के खिलाफ खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। रुद्रपुर में इस प्रकार की कालाबाजारी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, संजय आर्य, मयंक कक्कड़, राजेश कुमार, प्रदीप यादव, हर्दिप सिंह, राधेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## पैरा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कासिम अली ने जीते सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुवाहाटी में आयोजित पैरा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (लॉन बॉल) में उत्तराखंड के कासिम अली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता 24 से 28 तारीख तक गुवाहाटी के सरुसजाई (रोकाड़ा) स्टेडियम में आयोजित हुई। बाजपुर स्थित शुगर फैक्ट्री में कार्यरत कासिम अली ने बी-8 श्रेणी में भाग लेते हुए ट्रिपल इवेंट में सिल्वर मेडल तथा सिंगल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। कासिम अली की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## एक नजर

## संविदा कर्मियों की आवाज हुई बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ ने संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की मांग को जोरदार तरीके से उठाया है। संगठन पदाधिकारियों ने बनबसा पहुंचे टनकपुर पावर स्टेशन के तकनीकी निदेशक सुप्रकाश अधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं।



श्रमिक फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उप्रेती ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान वेतनमान बेहद कम है, जिससे संविदा कर्मियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि महंगाई को देखते हुए जल्द से जल्द वेतन में उचित वृद्धि की जाए, ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके। इस दौरान तकनीकी निदेशक के पावर स्टेशन पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। मौके पर पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य, विद्युत महाप्रबंधक जावेद अंसारी, गोविंद सोनाल, केशव थलाल, प्रवीण गर्ग, जावेद हसन और महेश वाल्मीकी सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना और उचित स्तर पर विचार करने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि संविदा कर्मियों की यह मांग कब तक पूरी होती है। यह मुद्दा न केवल वेतन का है, बल्कि श्रमिकों के सम्मान और उनके जीवन स्तर से भी जुड़ा हुआ है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

**वेतन वृद्धि की मांग को लेकर एनएचपीसी में हलचल**

## कांग्रेस का महिला व किसान विरोधी चेहरा उजागर: बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि इस घटनाक्रम से कांग्रेस का किसान व महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। जब 2017 में कांग्रेस के एक बड़े नेता ने दल बदल किया था तो बाजपुर से कांग्रेस की टिकट की हकदार किसान परिवार की महिला सुनीता टम्टा व नैनीताल सीट की हकदार सरिता आर्या के टिकट कटवाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने परिवारों के लिए सीटें सुरक्षित की और 2022 में पुन: दल बदल करके बाजपुर विधानसभा में किसान परिवार की महिला की टिकट कटवाकर अपनी सीट सुरक्षित की और आज दिल्ली में कुछ नेताओं को शामिल करवाते हुए रुद्रपुर में कांग्रेस के की संघर्ष शील महिला नेता मीना शर्मा के हक को मारा गया है।

वहीं सितारगंज में किसानों के लिए संघर्ष करने वाले परिवार से नवतेज पाल सिंह के हक पर डाका डाला गया है जिससे यह साबित होता है कि कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता अपनी सीट बचाने के लिए महिलाओं और किसानों का गला कभी भी घोट सकते हैं आम जनमानस को कांग्रेस के ऐसे नेता विशेष से सावधान रहने की जरूरत है।

## शिक्षा के साथ हुनर और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज बंडिया में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी शिव शंकर मौर्य के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में पौधों की देखभाल और स्वच्छता हेतु सघन श्रमदान अभियान चलाया।

बौद्धिक सत्र से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन कुमार एवं रसायन विज्ञान प्रवक्ता अवधेश कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर छात्र-छात्राओं को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। संजना राणा, अन्तरा, रमन गौतम, पूजा मौर्य, शीतल, दिव्या और सुमित ने पर्यावरण विषय पर ओजस्वी भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। यहां डॉ. उत्तम कुमार, गगन सिंह के अलावा विद्यालय का समस्त स्टाफ और एनएसएस के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

## जनगणना-2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ के विकास भवन सभागार में जनगणना-2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दिनांक 27 मार्च, 2026 को जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 मार्च से 29 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

**फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य हेतु दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण**

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस दिनांक 28 मार्च, 2026 को प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वहीं, दिनांक 29 मार्च, 2026 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम दिवस होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। अत: सभी फील्ड ट्रेनर्स निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत अपने दायित्वों का प्रभावी एवं जिम्मेदारीपूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य ट्रेनर, डीपीआरओ एवं निदेशालय स्तर से नामित मास्टर ट्रेनर श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित दिशा-निर्देश पुस्तिका एवं वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत, व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी जा रही है।

यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद स्तर पर क्षमता निर्माण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण उपरांत सभी फील्ड ट्रेनर्स अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियुक्त सुपरवाइजर एवं गणनाकारों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जनगणनाख्र2027 का कार्य प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रूप से संपादित किया जा सके। कार्यक्रम में उप निदेशक, सूचना विज्ञान केंद्र गौरव कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जिला कार्यालय महिमन जोशी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिनेश वर्मा, जनगणना सहायक सहित अन्य प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# एनएचपीसी निदेशक ने जताई संतुष्टि

- टनकपुर-बनबसा पावर स्टेशन की कार्यप्रणाली को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) सुप्रकाश अधिकारी ने टनकपुर-बनबसा पावर स्टेशन का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं, संचालन और तकनीकी कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। उनके दौरे को लेकर पूरे पावर स्टेशन में उत्साह और सजगता का माहौल देखने को मिला।

पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने निदेशक का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें पौधा एवं शाल भेंट किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने पावर हाउस, स्विचयार्ड सहित विभिन्न इलेक्ट्रिकल इकाइयों का जायजा लिया और विद्युत उत्पादन व ट्रांसमिशन सिस्टम की कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने उपकरणों के रखरखाव और संचालन व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। सिल्ट इजेक्टर क्षेत्र में विकसित गार्डन एवं बैराज में स्थापित लॉग-बूम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के प्रयासों को भी सराहा।



प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में निदेशक ने अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों के साथ तकनीकी व संचालन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की और बेहतर कार्य के लिए टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पावर स्टेशन में कार्यकुशलता, सुरक्षा मानकों और समन्वय का स्तर प्रशंसनीय है।

इस दौरान महाप्रबंधक (विद्युत) मोहम्मद जावेद अंसारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। निदेशक ने इंडो-नेपाल कैनाल समेत विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर समग्र व्यवस्था पर संतोष जताते हुए भविष्य में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

# कुमाऊंनी महिला क्लब का सराहनीय प्रयास

- शारदा घाट पर सेवा, संस्कार और संस्कृति का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत/टनकपुर।** कुमाऊंनी महिला क्लब द्वारा एक भव्य सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्लब की अध्यक्षा सुमन वर्मा ने की। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्य बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से शारदा घाट/नदी तट पर पहुंचकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से शारदा मैया की पूजा-अर्चना एवं कीर्तन किया।

इस पावन अवसर पर कन्याओं को हलवा-चना का प्रसाद वितरित किया गया, साथ ही उनके उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे फल, मिठाई, कॉपी, पेंसिल, टिफिन, रूमाल, पेंसिल बॉक्स, वाटर बॉटल एवं माता रानी का श्रृंगार भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा भावना, आपसी सहयोग तथा कुमाऊंनी संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देना रहा। साथ ही "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के संदेश को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में क्लब की संरक्षिका डॉ. प्रभा जोशी सहित लीला तिवारी, गीता चंद, सचिव पुष्पा मुरारी, उप सचिव दीप्ति चंद, कोषाध्यक्ष पूनम गड़कोटी, उप कोषाध्यक्ष रेनू चंद, हेमा जोशी, नीलिमा भट्ट, कुसुम जोशी, गीता प्रजापति, सीमा तिवारी, सरोज चंद, रेखा बिष्ट, नंदा धामी एवं ज्योत्सना खर्कवाल समेत सभी सदस्य बहनों की सक्रिय एवं सराहनीय उपस्थिति रही।

कुमाऊंनी महिला क्लब ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं जागरूकता से भरपूर योगदान दिया जाता रहेगा।

## नहीं रहे पाटी बाजार के पहले संस्थापक व्यापारी बाला दत्त पचौली

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पाटी।** पाटी बाजार के प्रथम व्यवसाई एवं सामाजिक कार्यकर्ता बाला दत्त पचौली ने विगत दिवस उस समय अंतिम सांस ली जब उनका भरा पूरा परिवार पूजा के लिए एकत्रित था तथा पूजा का प्रसाद ग्रहण करने के बाद वे सदा के लिए चल बसे। श्री पचौली मृत्युपर्यंत तक स्वस्थ थे तथा अपने सामने एक साथ चार पीढ़ियों को देख गए। उनका अंतिम संस्कार कोरा नदी के श्मशान घाट में किया गया जहां उनके पुत्र शिक्षक रविश पचौली, केदार पचौली, भुवन पचौली तथा पौत्रों ने चिता को मुखाग्नि दी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने शव यात्रा में शामिल होकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा,विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, शंकर अधिकारी,जितेंद्र, वतन, गोविंद सामंत, सतीश चंद्र पांडे, मान सिंह, भरत जोशी, संजय भट्ट आदि तमाम लोगों ने उनके निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पत्रकार दीपक फुलेरा के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने से पत्रकारों में आया उबाल

- भाजपा नेता का पुतला फूंक कर कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिले के पत्रकारों में खटीमा में रसोई गैस की किल्लत को लेकर ग्राउंड रिपोर्टिंग करने वाले वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के विरुद्ध भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा पुलिस में प्राथमिक की दर्ज किए जाने से पत्रकारों में रोष फैल गया है। इस घटना के विरोध में जिले के पत्रकारों ने उक्त नेता का चौराहे मै पुतला फूंककर अपना आक्रोश जताते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है पत्रकार जनता की आवाज होता है दीपक फुलेरा का अपराध केवल इतना था कि उन्होंने ग्राउंड में जाकर वहां के ताजा हालातों को उजागर किया था जिसे भाजपा नेता पचा नहीं पाया और उसने पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया। सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह भी रहा की पुलिस ने बगैर किसी जांच पड़ताल के सीधे मामला दर्ज भी कर दिया। पत्रकारों का कहना था कि जब पत्रकार ही जनता की आवाज नहीं उठाएंगे तो कौन उठाएगा? इस घटना की आम लोगों द्वारा भी निंदा की जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं पीटीआई संवाददाता दिनेश पांडे, चंद्र बल्लभ ओ, सती जोशी, गिरीश बिष्ट, पंकज पाठक, विपिन जोशी, राहुल महर, सूरी पंत आदि तमाम पत्रकार मौजूद थे।




# फरार आरोपी की दबिस को गई पुलिस पर बुजुर्ग महिला की हत्या का आरोप

- परिजनों ने बुजुर्ग महिला का शव कोतवाली के गेट पर रखकर किया प्रर्दशन
- तनाव को देखते हुए कोतवाली नानकमत्ता में भारी पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिद्धा में फरार आरोपी को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर परिवार के लोगों ने बुजुर्ग महिला से मारपीट का आरोप लगाया है, जिसमें बुजुर्ग महिला की चिकित्सालय ले जाने के दौरान मौत होने पर गुस्साए परिजन बुजुर्ग महिला के शव को लेकर कोतवाली नानकमत्ता के गेट पर आ धमके तथा बुजुर्ग महिला के शव को गेट पर रखकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। यहां मामले की जानकारी होने पर तनाव की स्थिति को देखते हुए कोतवाली गेट पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस के अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन गेट पर बुजुर्ग का शव रखकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग को लेकर अड़े रहे।



बता दें कि ग्राम सिद्धा के कुलदीप सिंह के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज है, जो पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा है। शनिवार को फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली नानकमत्ता पुलिस द्वारा आरोपी के घर ग्राम सिद्धा में दबिश दी गयी तो वहां आरोपी नहीं मिला। आरोपी के परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा घर के लोगों के साथ मारपीट की गई, जिसमें उनके घर की बुजुर्ग महिला की पुलिस की पिटाई से हालत बिगड़ गई, जिसे अस्पताल ले गए, जहां बुजुर्ग महिला मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस के लोगों पर बिना वर्दी के घर में दबिस के नाम पर घुसने का आरोप लगाया है। यहां मामले की जानकारी होने पर कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राना भी पहुंचे। उन्होंने पुलिस से मामले की जानकारी ली। वहीं यहां पहुंचे जिले की एसओजी टीम के प्रभारी उमेश कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित परिजन कोतवाली गेट पर बैठे रहे।

यहां सुरक्षा व्यवस्था को पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह धोनी, नायाब तहसीलदार नरेन्द्र गहतोडी, एसओजी प्रभारी उमेश कुमार के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात रहा। समाचार लिखे जाने तक मृतक बुजुर्ग महिला के परिजन बुजुर्ग महिला सुखदेव कौर का शव कोतवाली गेट पर रखकर बैठे रहे।

## एसपी सॉल्वेंट फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड स्थित एसपी सॉल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंच दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। शनिवार दोपहर सीएफओ कार्यालय में फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के निर्देश पर तत्काल दो फायर टेंडर मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि फैक्ट्री के रिफाइनरी सिस्टम और अन्य मशीनों में आग लगी हुई थी। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया। कंपनी कर्मचारियों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। संयुक्त प्रयासों से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य और हज कमेटी चेयरमैन ने जिलाध्यक्ष के घर पहुंच माता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड सरकार में महिला सशक्तिकरण एवं वाल विकास खाद्य मंत्री रेखा आर्य और चेयरमेन हज कमेटी उत्तराखंड सरकार खतीब अहमद ने जिला अध्यक्ष मनोज पाल की माता के आकस्मिक निधन पर उनके ग्रह नगर पंचायत महुआ डाबरा पहुंच कर शोक व्यक्त कर दिवगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल की माता लीलावती का आकस्मित निधन हो गया था, तब से उनके घर पर जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय नेताओं का आना जाना लगा हुआ है। इसी क्रम में शनिवार सायं काल को भाजपा सरकार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास खाद्य मंत्री रेखा आर्य, हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार सिंह, सूर्या चौहान, विनीत चौहान, प्रशीश विश्नोई, मनप्रीत लाडी, राजेंद्र चौहान, नफीस ठेकेदार, साफिन चौधरी आदि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर माता की निधन पर उनके निवास स्थान महुआ डाबरा में पहुंचकर शोक जताया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जीआईसी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव, मेधावी हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** शनिवार को पीएम श्री एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में वार्षिक उत्सव का भव्य और गौरवमयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीति, समाजसेवा और शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

घ्कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश दिवाकर (पूर्व राज्य मंत्री, उत्तराखंड सरकार) द्वारा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार गौतम ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया। घ्इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव सैनी (अध्यक्ष, नगर पंचायत), एस.एन. सिंह (प्रधानाचार्य, रामवी महेशपुर) हरि ओम सिंह (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, उधम सिंह नगर) और सरताज आलम (नगर अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, ) उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे।

इसके पश्चात शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में ऋतिक आशिक. ना, राज, सैयद हुसैन, राज कुशवाहा, शिव, मयंक और मोनू आदि प्रमुख रहे। अतिथियों ने इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि राजेश दिवाकर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का आधार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। जिसमें,अमित ध्यानी,गंगा सिंह कोसमाकर,जोगिंदर सिंह, ज्योति जोशी, वीरेंद्र सिंह और अरविंद कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन महेंद्र कुमार ने अत्यंत साक्ष्मता और कुशलता के साथ किया।



# वन विभाग का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

## हल्द्वानी विजिलेंस टीम ने रंगेहाथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों ने आम जनता का विश्वास डगमगा दिया है।

अल्मोड़ा में विजिलेंस ने वन विभाग के एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस मामले के बाद वन महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी, नैनीताल की टीम द्वारा शनिवार को वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय जागेश्वर में बाबू/फॉरेस्टर के पद पर तैनात नवीन नौटियाल पुत्र गोविन्द प्रसाद को 25,500 रुपये की श्वित लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता जय प्रकाश से लीसा गड़ान-ढुलान कार्य के लिए वर्ष 2026 में पंजीकरण नवीनीकरण और लंबित बिलों के भुगतान के एवज में रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद सतर्कता टीम ने जाल बिछाकर आरोपित को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) जागेश्वर सिविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा का नाम भी सामने आया है, जिन्हें विजिलेंस द्वारा इस मामले सह-अभियुक्त बनाया गया है। विजिलेंस ने उनके खिलाफ भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम वन प्रभाग प्रदीप धौलाखंडी ने कहा कि फिलहाल विजिलेंस की ओर से उन्हें कार्यवाही से संबंधित कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पत्र प्राप्त होने के बाद आरोपित कर्मचारियों पर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 9 अपराधी जिला बदर

## गुंडा एक्ट में पांच आरोपियों को प्रशासन से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में कानून व्यवस्था को सख्त बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन ने एक अहम कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 9 आरोपियों को गुंडा घोषित करते हुए 6 माह हेतु जनपद की सीमा से बाहर (जिला बदर) करने का आदेश जारी किया है वहीं दूसरी ओर 5 को राहत दी है। बता दें जिन लोगों को जिला बदर किया गया है उनमें राहुल पुत्र रमेश (बंबाघेर थाना रामनगर) जुआ अधिनियम के 7 व गैंगस्टर एकट का 1 मुकदमा, संजय आर्य पुत्र रमेश चंद्र (बागजाला थाना काठगोदाम) आबकारी, एनडीपीएस व आईपीसी के 13 मुकदमे, अनुज राज सिंह पुत्र रमेश सिंह (चोरपानी थाना रामनगर) आईपीसी के 4 व शस्त्र अधिनियम का 1 मुकदमा, शाहिद पुत्र मोहम्मद रफी (खताड़ी रामनगर) आईपीसी के 4 मुकदमे, कौशल चिलवाल पुत्र



राजेंद्र चिलवाल (इंदिरा कालोनी रामनगर) आईपीसी के 5 मुकदमे, सलमान पुत्र रईस अहमद (थाना बनभूलपुरा) आर्म्स एक्ट, आईपीसी व एनडीपीएस के विभिन्न मुकदमे, मोहसिन पुत्र नासिर (पप्पू का बगीचा बनभूलपुरा) एनडीपीएस के कई मुकदमे, शादाब पुत्र सज्जाद (थाना बनभूलपुरा) आर्म्स एक्ट व आईपीसी के 7 मुकदमे तथा प्रदीप सागर अमन पुत्र पूरनचंद सागर (लामाचौड़ थाना मुखानी) एनडीपीएस, आबकारी व आईपीसी के 9 मुकदमे शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार इन सभी व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास गंभीर है और इनकी गतिविधियां क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही थीं। इसी आधार पर इन्हें 6 महीने के लिए जनपद नैनीताल की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं,वहीं जांच के दौरान वर्तमान गतिविधियों में सुधार पाए जाने पर प्रशासन ने जिन आरोपियों को राहत दी है उनमें शनि बाबू पुत्र राम सुरेश बाबू (निर्मल कालोनी लालकुआं), संजय बिनवाल पुत्र कुंदन सिंह (राजीव नगर थाना लालकुआं), हिमांशु शाही पुत्र गौरव शाही (दुगई स्टेट थाना भवाली), सूरज कुमार पुत्र कालूराम (देवलचौड़), मोहम्मद आबिद पुत्र शबबीर (थाना कालाढूंगी) शामिल हैं, इन सभी के विरुद्ध चल रहे गुंडा एक्ट के नोटिस को निरस्त कर दिया गया है।

## वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार हुआ नैनीताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वीकेंड पर नैनीताल में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सैलानियों की भीड़ के चलते अधिकांश होटल और गेस्ट हाउस पैक हो चले हैं। नगर में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंच गए हैं। बता दें नगर में शुक्रवार से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो शनिवार देर शाम तक जारी रहा। सैलानियों की भीड़ उमड़ने से पर्यटन कारोबारियों की आय में खासा इजाफा हुआ हो चला है। इस बीच पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की अधिकता से यातायात प्रभावित हुआ। मालरोड, मस्जिद चौराहा तथा स्नो व्यू मार्ग और मेट्रोपोल मार्ग में कई बार जाम लगा। इधर नगर के पर्यटन स्थल स्नो व्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन व हिमालय दर्शन और बोटैनिकल गार्डन में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए थे। पंत पार्क में मस्ती करते सैलानी देखे गए तो नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। पर्यटन कारोबारियों के मुताबिक रविवार आज भी सैलानियों की आमद जारी रहेगी।

## एक नजर

### मां पाषाण देवी मंदिर में सुंदरकांड आज

**नैनीताल।** ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर में रविवार आज अपराह्न एक बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने बताया कि सुंदरकांड के बाद शाम को तीन बजे से भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी भकतजनों से धार्मिक अनुष्ठानों में अधिक से अधिक संखया में भाग लेने की गुजारिश की है।

### 4 माह का बयूटी पार्लर प्रशिक्षण शुरु

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल द्वारा उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से अनुसूचित जाति की युवतियों व महिलाओं हेतु चार माह का बयूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रारंभ शुरु हो गया है। इससे पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुखय अतिथि कुन्दन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य नीतू रावत, शिक्षिका लता रावत तथा राजभवन वार्ड की पूर्व सभासद निर्मला चंद्रा तथा संस्था की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज समय में बयूटी पार्लर का बहुत अधिक महत्व है इस क्षेत्र में रोजगार की अधिक सभावनाएं हैं। संस्थाध्यक्ष शैलजा सकसेना ने बताया यह प्रशिक्षण चार माह तक चलेगा। इस अवसर पर शिक्षिका लता रावत को उनके अच्छे कार्यहेतु समानित कर प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। कहा कि प्रशिक्षण मीनाक्षी बिष्ट व भावना आर्या द्वारा दिया जा रहा है।

### गांजा गांव में फैली गुलदार की दहशत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट के समीप स्थित ग्राम गांजा में गुलदार के लगातार देखे जाने से लोगों में दहशत व्याप्त है। बता दें बीते चार दिनों में आबादी के बीच में घूमते हुए गुलदार के दो वीडियो सीसीटीवी में कैद हुए हैं जो वायरल हो रहे हैं। बीती बुधवार की रात्रि और शुक्रवार की रात्रि को गुलदार का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है जिसमें की पहले वीडियो में गुलदार एक मुर्गी का शिकार करते हुए नजर आ रहा है जबकि दूसरे वीडियो में गुलदार गांव के बीच में दिखाई दे रहा है। वीडियो के सामने के बाद लोगों में दहशत व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि ग्राम गांजा घनी आबादी वाला इलाका है। ग्रामीणों ने गांव में पिंजरा लगा कर गुलदार को पकड़ने की मांग की है ग्राम प्रधान डा. बबिता मनराल ने बताया कि इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

### कुमाऊं विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश शुरू

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने वर्ष 2025-26 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करने की घोषणा की है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुल सचिव डा. एमएस मंद्रवाल के अनुसार पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विषयों में प्रवेश दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के मुताबिक यूजीसी नेट/जॉइंट सीएसआईआर-नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ साथ कुमाऊं विश्वविद्यालय शोध अध्यादेश-2023 (यथा संशोधित) के अंतर्गत लिखित परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों को सीधे साक्षात्कार के माध्यम से प्रवेश का अवसर मिलेगा। इन अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर विश्वविद्यालय परिसरों एवं संबद्ध राजकीय महाविद्यालयों में किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन 28 मार्च शनिवार से शुरु हो गए हैं जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 6 अप्रैल सोमवार निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

### फुटबाल खिलाड़ियों को मिली सुविधाएं

**नैनीताल।** पालिका के नारायण नगर वार्ड में सभासद भगवत सिंह रावत के प्रयासों और रोटरी कलब के सहयोग से वार्ड के हुनरमंद फुटबॉल खिलाड़ियों को फुटबॉल के जूते मुहैया कराये गए। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ नारायण नगर वार्ड से अनेकों महिलायें और पुरुष भी उपस्थित रहे। मोहन थापा ने बच्चो को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चे अच्छा खेलेंगे मेहनत करेंगे तो सभासद उनको और सुविधाएं प्रदान करेंगे। संचालन करते हुए भाजपा के वरिष्ठ युवा कार्यकर्ता व कुविवि नैनीताल के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह पडियार ने खेल और खिलाड़ियों का सममान बनाने की बात कही। भगवत रावत ने बालिकाओं के लिए भी खेल सामग्री देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पर सन्तोष कुमार, शैलेन्द्र बर्गली, सचिन कुमार, मयंक, नीरज, जय थापा, रवि कुमार, आरती, राजेशवरी, कला देवी, पूजा तथा गिरीश सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

### श्रमदान कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नैनीताल।** जिले के शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत शनिवार को कई कार्यक्रम किए गए। प्रथम सत्र में स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा ग्राम चापड़ में श्रमदान अभियान चलाया। इसी तरह बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने की। उन्होंने हिंदी के साहित्यकार दुष्यंत कुमार का उदाहरण देते हुए सेवा एवं समर्पण के भाव को समझाया तथा सेवा को परम धर्म मानते हुए आचार परमो धर्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी। आज के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता संजय शर्मा प्रवक्ता अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज बेतालघाट ने महिलाओं के चुनौती पूर्ण जीवन पर विस्तार पूर्वक जानकारियां दी। संचालन डा. दीपक ने किया।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स रहे हड़ताल में

**नैनीताल।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर महासंघ की लंबित 27 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण नहीं होने के कारण सभी सदस्यों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बता दें महासंघ द्वारा पूर्व में भी शासन एवं प्रशासन से वार्ता की गई जिसमें उनके द्वारा कोई आश्वासन नहीं दिया गया जिस कारण सभी सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश हुए हैं। डिप्लोमा इंजीनियर शनिवार को भी हड़ताल में डठे रहे। इस मौके पर दीप चौधरी, विपिन पुरोहित, सुरेश सिंह डंगवाल, वेद प्रकाश, शंकर आर्य, वंदना, कैलाश रौतेला, सूरज मेघवाल, शालू प्रजापति, भुवन सिंह बोरा, शिवानी पाल, इकरा, गायत्री तिवारी, विवेक सिंह, बीपी उनियाल थे।

# फार्मासिस्टों के नियमितिकरण पर हाई कोर्ट सख्त

## राज्य सरकार को हलफनामा दायर करने के निर्देश, पूछा-निर्देशों का पालन अब तक क्यों नहीं किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने यूपीएनएल (उपनल) के माध्यम से पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत फार्मासिस्टों के नियमितीकरण के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। मामले में मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से स्पष्ट रूप से पूछा है कि कुंदन सिंह बनाम उत्तराखंड राज्य मामले में दिए गए नियमितीकरण के निर्देशों का पालन अब तक क्यों नहीं किया गया? मामले के अनुसार संविदा पर तैनात



फार्मासिस्टों दीपक कुमार व अन्य ने अपनी सेवाओं के नियमितीकरण और न्यूनतम वेतनमान की मांग को लेकर विशेष अपील दायर की थी। इन कर्मियों का कहना है कि जब उनकी नियमितीकरण की मांग लंबित थी तब चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने नए पदों के लिए विज्ञापन जारी कर दिया जिससे उनके भविष्य पर संकट आ गया है, इससे पहले एकल पीठ ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि नियमितीकरण के लिए कोई स्पष्ट योजना या नियमावली पेश नहीं की गई है। अपीलकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता वीबीएस नेगी व अधिवक्ता ललित सामंत ने दलील दी कि कुंदन सिंह मामले में हाईकोर्ट की समन्वय पीठ ने 2018 में ही राज्य सरकार को उपनल कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से नियमित करने का आदेश दिया था।

इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट भी अक्टूबर 2020 में खारिज कर चुका है। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि एकल न्यायाधीश ने इस महत्वपूर्ण कानूनी पहलू पर विचार नहीं किया। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सरकार ने अदालती आदेशों के अनुपालन के लिए सात सदस्यीय समिति तो बनाई लेकिन उसकी सिफारिशें केवल न्यूनतम वेतनमान और महंगाई भत्ते तक ही सीमित रहीं। कोर्ट ने 3 फरवरी 2026 को जारी सरकारी आदेश का अवलोकन करने के बाद पाया कि इसमें वेतन संबंधी प्रावधान तो हैं लेकिन चरणबद्ध नियमितीकरण के बारे में कोई ठोस योजना नहीं है। उच्च न्यायालय ने अब इस मामले को मंजुल मेहता बनाम उत्तराखंड राज्य से संबंधित अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ते हुए अगली सुनवाई 8 अप्रैल (बुधवार) को तय की है। अदालत ने प्रथम प्रतिवादी (राज्य सरकार) को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि कुंदन सिंह मामले के निर्देश ए (नियमितीकरण) को लागू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

# पीएम मोदी ने कहा है- भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश

## नैनीताल प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, बोले- युद्ध से देश के तेल व गैस आपूर्ति पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के प्रवास पर पहुंचे देश के केंद्रीय लघु कुटीर व मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को साफ संदेश दिया है कि भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक सफलता के कारण ही मध्य पूर्व के युद्ध से देश के तेल व गैस आपूर्ति पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने साफ किया कि लघु कुटीर उद्योग ऐसा क्षेत्र है जिसमें तेल व ऊर्जा की जरूरत नहीं होती, केवल मानव ऊर्जा की जरूरत होती है। लघु कुटीर व मध्यम उद्योगों के माध्यम से करोड़ों



लोगों को रोजगार दिया गया है। बता दें शनिवार को दोपहर बाद हल्द्वानी से नैनीताल पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बोट हाउस कलब में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व की बदौलत देश आर्थिक ताकत बन गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की कूटनीति साफ है वह इजरायल भी गए और इरान के साथ भी भारत के मजबूत संबंध है। हार्मुज नाकेबंदी के बाद भी भारत के दो जहाजों को अनुमति मिल चुकी है जबकि तीन-चार जहाजों को अनुमति मिलना तय है। मध्य पूर्व युद्ध से देश के गैस व तेल सप्लाई पर असर नहीं पड़ा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल के दाम बढ़ने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को राहत दिलाने के लिए पेट्रोल व डीजल में एक्साइज ड्यूटी कम की है। कहा कि लघु कुटीर उद्योगों में तेल या गैस की नहींए केवल मानव ऊर्जा की जरूरत है। कहा कि उनके कार्यभार संभालने के बाद देश में 8 हजार यूनिट स्थापित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में विस्तार केंद्र व रामनगर में तकनीकी केंद्र के बारे में भी जानकारी ली है। हल्द्वानी में बैठक के बाद डेटा मांगा गया है जो रविवार आज तक मिल जाएगा।

### नैनीझील के नजारों का लिया आनंद

**नैनीताल।** केंद्रीय मंत्री नितिन मांझी ने कहा कि वह 46 साल के राजनीतिक जीवन में पहली मर्तबा नैनीताल आए हैं। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर वह खासे खुश हैं। इस दौरान उन्होंने जीवनदायिनी नैनी झील को नजदीक से निहारा साथ ही झील के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी जुटायी।

### पश्चिम बंगाल, असम व केरल में बनेगी भाजपा की सरकार

**नैनीताल।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल समेत असम और केरल में होने वाले आगामी चुनावों में बीजेपी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने भाजपा की सरकार न बनने का दावा किया था लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देश में हर तबके के लोगों को मिल रहा है, आने वाले विधानसभा चुनाव ममें भी इसका फायदा जनता को मिलेगा।

# कथा के साथ कई धार्मिक अनुष्ठान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भवाली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा के तहत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के मुख्य यजमान नीलम मेहरा व बालम सिंह मेहरा तथा वसंती मेहरा व सगत सिंह मेहरा रहे। प्रात: काल आचार्य उप व्यास कैलाश चंद्र पांडे, आचार्य कैलाश चंद्र जोशी, आचार्य गिरीश चंद्र जोशी, आचार्य नीरज पलड़िया, मोहन चंद्र कपिल तथा दीपेश कपिल द्वारा नित्य पूजन अभिषेक, भगवती विग्रह पूजन, गणेश पूजन, पंचांग पूर्वांगादि पूजन तथा मन्दिर परिसर में समस्त देवी देवताओं का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। कथा से पूर्व संगीत गायकों आचार्य उमा शंकर कपिल, नीरज सती, आचार्य नीरज ढौंढियाल



के द्वारा देवी भजन के बाद सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया।

कथा में निरंजनी अखाड़े के तपोनिधि विवेकानंद सरस्वती जी महाराज पधारे तथा कथा श्रवण कर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। व्यास कैलाश चंद्र सुयाल द्वारा मंगलाचरण के उपरांत प्रथम पूज्य गणेश की कथा के गूढ़ रहस्य को समझाया कि इस संसार में माता पिता की सेवा ही प्रथम पूजा है। विघ्नहर्ता गणेश जी किस प्रकार अपनी बुद्धि के बल से अपने माता पिता की तीन बार परिक्रमा कर प्रथम पूज्य देवता कहलाए इस कथा को समझाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि शंकर काण्डपाल, महेश जोशी, मनीष साह तथा नवीन क्वीरा समेत कई भक्तजन जुटे रहे।

# प्रो. संतोष कुमार खान मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संतोष कुमार को भारत सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह समिति राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन और खान मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के



अनुसंधान और विकास को गति देने के लिए गठित की गई है। समिति का मुख्य उद्देश्य खनिज क्षेत्र में अनुसंधान की दिशा तय करना और नौ उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा प्रस्तुत अनुसंधान प्रस्तावों का वैज्ञानिक मूल्यांकन करना है। प्रो. कुमार का चयन उनकी अकादमिक उत्कृष्टता और शोध योगदान के लिए किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और दुर्लभ मृदा तत्वों के अनुसंधान और पुनर्चक्रण पर जोर दिया जा रहा है। तीन वर्षों के लिए 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत और कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने प्रो. कुमार की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमता का प्रमाण बताया।

# हिमालयी मत्स्य पालन पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा एमएमयूएसएसपीवाई के अंतर्गत रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम (रास) विषय पर शनिवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन डीएसबी परिसर में किया गया। कार्यशाला में हिमालयी क्षेत्र में मत्स्य पालन की संभावनाओं विशेषकर स्नो ट्राउट के संरक्षण एवं उत्पादन पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में डीसीएफआरआई (आईसीएआर) भीमताल के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डा. सुरेश चन्द्र ने बताया कि स्नो ट्राउट हिमालय की मूल प्रजाति है किन्तु इसकी व्यावसायिक क्षमता अभी सीमित है। इसके विपरीतए रेनबो ट्राउट एक बाहरी प्रजाति होते हुए भी



व्यावसायिक दृष्टि से अधिक लाभकारी सिद्ध हो रही है साथ ही ग्रास कार्पए कॉमन कार्प एवं महाशीर जैसी स्थानीय प्रजातियों के पहाड़ी एवं तराई क्षेत्रों में पालन की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने विभाग की उपलबधियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला जबकि परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के संयोजक प्रो. आशीष तिवारी रहे। कार्यक्रम में प्रो. ललित तिवारी, प्रो. हरिप्रिया, प्रो. रीना सिंह, डा. हिमांशु, डा. दीपक, डा. सीता देवली, डा. संदीप एवं डा. लज्जा भट्ट सहित अन्य शिक्षक व शोधार्थी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# ग्रामोथान रीप परियोजना के सदस्य पहुंचे नैनीताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जनपद नैनीताल के भ्रमण पर पंहुचे ग्रामोथान रीप परियोजना हरिद्वार के सीएलएफ सहकारिता के समूह के सदस्यों के साथ शनिवार को सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे ने विकास भवन भीमताल में बैठक कर समूह के सदस्यों द्वारा जनपद हरिद्वार में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए नैनीताल जिले में कराए जा रहे कार्यों अनुभवों को सांझा किया। बैठक के उपरांत टीम के दल को नथुवाखान हर्बल टी यूनिट के लिए रवाना किया। बैठक में सीडीओ पांडे ने कहा कि भम्रण का उद्देश्य जनपद स्तर पर संचालित सफल आजीविका गतिविधियों एवं उद्यमों का अध्ययन कर अनुभव साझा करना तथा सीख को अपने क्षेत्र में लागू करना है। यह पहल स्वयं सहायता समूहों सीएलएफ एवं किसान उत्पादक संगठनों से जुड़े उद्यमों को और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामोथान स्वावलम्बन आजीविका महिला सशक्तिकरण उत्तराखंड स्वाभिमान सीएलएफ द्वारा संचालित सीबीओ उद्यम नथुवाखान हर्बल टी यूनिट स्वाभिमान सीएलएफ के अंतर्गत संचालित सीबीओ एंटरप्राइज नथुवाखान हर्बल टी यूनिट स्थानीय जड़ी-बूटियों पर आधारित गुणवत्तापूर्ण हर्बल चाय का उत्पादन कर रही है। इस दौरान जनपद स्तर के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



# सकारात्मक सोच रखना बेहद ज़रूरी

## कुविवि में लाइफ कौशल कार्यशाला पर विशेष सत्र आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में लाइफ कौशल कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर शनिवार को आंतरिक शांति और खुशी विषय पर विशेष सत्र आयोजित हुआ। इस मौके पर विवि के कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान कुलसचिव डा. मंद्रवाल ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच से काम करना तथा स्वयं पर भरोसा रखना जीवन की बड़ी सीख हैं। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा. मधुलता नयाल ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया, उनका व्याख्यान आंतरिक शांति और



खुशी विषय पर केंद्रित था। डा. नयाल ने अपने सत्र की शुरुआत एक रिलेसेशन गतिविधि से किया जिससे प्रतिभागियों को मानसिक शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने हिडन बैगेज (छिपे हुए भावनात्मक बोझ) के विषय पर चर्चा की तथा क्रोध प्रबंधन और बचपन के भावनात्मक उपचार (चाइल्ड हुड हीलिंग प्रोसेस) पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने वाटर बाटल एटिविटी के माध्यम से सकारात्मक पुष्टि (अफर्मेशन्स) का महत्व समझाया।

दूसरे सत्र में पैसेंजर्स ऑन अब्स नामक भूमिका निभाने (रोल प्ले) की गतिविधि आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने प्रकृति, मित्र, समाज, परिवार, लक्ष्य और संज्ञानात्मक मन जैसी विभिन्न भूमिकाएं निभाई। इसके बाद डिप्रेशन और कॉग्निटिव माइंड के बीच रस्साकशी (टग ऑफ वार) का आयोजन किया गया जिसका समापन ड्रॉप द रोप संदेश के साथ हुआ। आगे चलकर प्रतिभागियों को ग्रैटिट्यूड थेरेपी (कृतज्ञता चिकित्सा) के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन एक हास्य सत्र (लाफ्टर सेशन) के साथ हुआ जिसके बाद प्रतिभागियों ने मुख्य वक्ता से अपने प्रश्न पूछे। अंत में एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने करते हुए कहा कि जिस तरह के विचार हम अपने मस्तिष्क में लाते हैं उसी तरह का हमारा जीवन बन जाता है, बोले मस्तिष्क हमारा कुंजी है जिससे जीवन हेतु सकारात्मक रहना जरूरी है।

# राजस्व लोक अदालत में 722 वादों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में राजस्व लोक अदालत के शुभारंभ क्रम में शनिवार को नैनीताल जनपद में भी राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय मुहैया कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। डीएम रयाल के मुताबिक इसी कड़ी में जनपद नैनीताल में आयोजित राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से 722 वादों का निस्तारण हुआ। सहायक कलेक्टर द्वितीय धारी द्वारा धारा 34 एलआर एक्ट के कुल 15 वाद सूचीब किए गए थे जिसके सापेक्ष 14 वादों के निस्तारण किया गया। इसी प्रकार सहायक कलेक्टर द्वितीय श्री कैंचीधाम द्वारा 78 वादों के सापेक्ष 76 वादों का निस्तारण किया गया है। जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालय में आयोजित राजस्व लोक अदालत में शनिवार को 28 भू राजस्व अधिनियम के 2, 33/47 स्टांप अधिनियम के 130, 167 जमींदारी विनाश अधिनियम के 11, 176 जमीदारी अधिनियम एवं भू सुधार अधिनियम के 16, 33/39 भू राजस्व अधिनियम के 17,229 बी जमींदारी अधिनियम भू सुधार अधिनियम के 6 तथा 143 जमींदारी अधिनियम भू सुधार अधिनियम के 64 जबकि 161 के 9 तथा 41 एल आर एकट के 7 जबकि 126/135 बीएनएसएस के 76 वही 131 ख के तथा 34 एलआर एकट के 383 कुल 722 वादों का निस्तारण किया गया।

